।। कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर जयपुर पूर्व ।।

क्रमांक / ई–मेल   दिनांक 25.04.19

श्रीमान पुलिस उपायुक्त,
जयपुर (पूर्व)।

विषय :– जॉच रिपोर्ट सी.एम. हैल्पलाईन नम्बर 181 पर प्राप्त परिवाद द्वारा श्री ज्ञानेश कुमार के सम्बन्ध मे।

प्रसंग :– श्रीमान के कार्यालय सम्पर्क पोर्टल नम्बर 04190675446483 दिनांक 18.04.19 की पालना में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसांगिक पत्र के क्रम में निवेदन है कि श्री ज्ञानेश कुमार का एक परिवाद सी.एम. हैल्पलाईन नम्बर 181 पर जॉच हेतु प्राप्त हुआ। उक्त परिवाद की जॉच थानाधिकारी जवाहर सर्किल जयपुर पूर्व से करवाई गई। थानाधिकारी ने अपनी जॉच रिपोर्ट में अंकित किया कि दिनांक 03.04.19 को प्रमुख समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका में प्रकाशित खबर शीर्षक '' जवाहर सर्किल क्षेत्र में फिर मिला हुक्का बार '' के संबंध में दिनांक 03.04.19 को थाना हाजा क्षेत्र में ऐसा कोई अवैध हुक्काबार चलता हुआ नहीं पाया गया जिस पर कार्यवाही की जा सकें व थाना हाजा क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जा रही है व अवैध हुक्काबार चलते पाये जाने पर उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

रिपोर्ट श्रीमान की सेवामें सादर प्रेषित है।

सहायक पुलिस आयुक्त
मालवीयनगर जयपुर पूर्व